तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 11. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

शिक्षक छात्रों में अच्छे गुणों का निर्माण कर पहुंचाता है लक्ष्य तक

4



हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

सामान्य कूपन

27 दिसंबर 2023

कूपन नं. 16

## खबर संक्षेप

### ई-श्रम पोर्टल में मिलेगा मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु दावा आपत्ति 29 फरवरी तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

### बालगृह बालक की स्थापना व संचालन प्रस्ताव 2 तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बालगृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

### एनएच पर खड़े वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**जांजगीर-चांपा।** नेशनल हाइवे बीच रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े किए ट्रेलर वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। 24 दिसंबर को ट्रेलर वाहन चालक छोटे लाल यादव उम्र 28 साल निवासी हरदीविशाल थाना बलौदा द्वारा एनएच 49 सारागाव चौक बीच रोड में लापरवाही पूर्वक खड़ा किए जाने से आने जाने वाले लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही थी। जिसे आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध थाना सारागाव में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जिसे कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जावेगा।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से रखे 9 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। मुखबिर से सूचना मिली कि 26 दिसंबर को श्रीमती सविता कश्यप निवासी कूटरा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है। छापामार कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से जारिकेंन में रखे कच्ची महुआ शराब कुल जुमला शराब 09 लीटर कीमती 900 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### मतदाताओं की अंतिम सूची का 8 फरवरी को होगा प्रकाशन

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अफसर गृह जिले में पदस्थ अधिकारी हो सकते हैं बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



विधान सभा चुनाव होने के बाद निर्वाचन कार्यालय से जुडे अफसर लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गए है। खासबात यह है कि अपने गृह जिले में पदस्थ अफसरो का ट्रांसफर एवं एक ही स्थान पर 3 साल से जमे अफसरो को चुनाव कार्य से बाहर किया जा सकता है, ताकि निष्पक्ष तरीके से मतदान कराया जा सके। नए साल के शुरूआत से ही लोकसभा चुनाव को लेकर गतिविधिया तेज कर दी जाएगी। वही 8 फरवरी को मतदाताओ के अंतिम सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा।

अप्रैल- मई माह में 2024 के लोकसभा का चुनाव प्रस्तावित है। इसे लेकर निवार्चन कार्य से जुडे अफसर तैयारियो मे जुट गए है।6 जनवरी से 22 जनवरी के मध्य मतदाता सूची मे नाम जोडने,हटाने, त्रुटी सुधार समेत अन्य कार्य कराए जाएगें। वही 8 फरवरी को मतदाताओ के नाम की सूची का अंतिम प्रकाशन भी किया जाएगा। इस बार एक ही स्थान पर तीन साल से जमे हुए अफसरो को निवार्च कार्य से दुर किया जा सकता है। वही गृह जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियो का स्थानांतरण किया जा सकता है, ताकि स्वतंत्र एंव निष्पक्ष तरीके से मतदान कराया जा सके। जांजगीर चाम्पा लोकसभा अनुसुचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सीट है। यहां पिछली बार मुकाबला भाजपा के गुहाराम अजगल्ले और कांग्रेस के शिवकुमार डहरिया के मध्य हुआ था। जिसमें भाजपा के गुहाराम अजगल्ले की जीत हुई थी। जांजगीर चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जांजगीर चाम्पा जिले के 3 विधान सभा क्षेत्र, सक्ती जिले के 3 विधान सभा क्षेत्र, बलौदा बाजार जिले के 1 और सारंगढ बिलाईगढ़ जिले के 1 विधान सभा सीट आते है। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 72 हजार 790 तो कांग्रेस प्रत्याशी को 4 लाख 89 हजार 535 मत प्राप्त हुए थे। हालांकि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदताओ की संख्या बढने का अनुमान लगाया जा रहा है।6 से 22 जनवरी के मध्य मतदाता सूची मे नाम जोडने,हटाने, त्रुटी सुधार कराए जाएगें। वही 8 फरवरी को मतदाताओ के अंतिम सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा।

### भाजपा को 53 तो कांग्रेस को मिले थे 46 प्रतिशत मत

लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 8 विधान सभा क्षेत्रो के करीब 10 लाख 62 हजार 325 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। भाजपा के प्रत्याशी रहे गुहाराम अजगल्ले को 5 लाख 72 हजार 790 तो वही कांग्रेस के प्रत्याशी रहे शिवकुमार डहरिया को 4 लाख 89 हजार 535 मत प्राप्त हुए थे। इस प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी को करीब 83हजार 255 मतो से हार मिली थी। आंकडो पर नजर डाली जाए तो जांजगीर चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र अकलतरा मे भाजपा को 73 हजार 775 तो कांग्रेस को 51 हजार 100, जांजगीर चाम्पा विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को 81 हजार 819 एंव कांग्रेस को 45 हजार 704, सक्ती विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को 71 हजार 737 व कांग्रेस को 57 हजार 562, चंद्रपुर विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को 65 हजार 356 एवं कांग्रेस को 66 हजार 202, जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को 59 हजार 156 एवं कांग्रेस को 60 हजार 326, पामगढ विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को 52 हजार 157 एवं कांग्रेस को 45 हजार 650, बिलाईगढ मे भाजपा को 69 हजार 855 एवं कांग्रेस को 75 हजार 398, कसडोल मे भाजपा को 96 हजार 631 एवं कांग्रेस को 86 हजार 109 मत प्राप्त हुए थे। इसी प्रकार भाजपा को डाकमत पत्र 2 हजार 304 एवं कांग्रेस को 1 हजार 484 मत प्राप्त हुए थे।

### चल रही तैयारी

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह से मतदाताओ के नाम जोडने हटाने का काम शुरू करा दिया जाएगा। इस बीच 8 फरवरी को मतदाता अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**-निशा नेताम मंडावी,**
जिला उपनिर्वाचन अधिकारी
जांजगीर चाम्पा

# बीच सड़क पर आटो चालक की पत्थर से कुचलकर हत्या

## सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क पर पलटा आटो।

बीच सड़क पर आटो चालक पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक के पास से आटो और पत्थर को बरामद किया गया है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। मामला पंतोरा चौकी का है।

इस संबंध में पंतोरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 26 दिसंबर की है। बिलासपुर जिले के ग्राम ढाका निवासी पंकज शास्त्री उम्र 36 वर्ष बिलासपुर में आटो चलाने का काम करता था। सोमवार 25 दिसंबर की शाम रात करीबन 7 बजे वह बिलासपुर से ऑटो लेकर निकला था। इस बीच वह जब काफी देर तक घर नही पहुंचा तो परिजनों ने युवक की पतासाजी शुरू कर दी। परिजनों ने जब पंकज को फोन लगाया तो वह फोन रिसीव नहीं किया। युवक की लाश रक्त रंजित अवस्था में पंतोरा चौकी क्षेत्र में मिली। वहीं ऑटो भी रोड पर पलटा हुआ मिला। लाश को देखकर लग रहा है कि किसी ने सिर पर पत्थर से कई बार वार कर कुचला है, जिसे उसकी मौके पर ही मौत हुई है। खास बात यह है कि वारदात के बाद खून रोड पर बिखरा हुआ है। हत्या में उपयोग किया गया हथियार मृतक के सिर के पास रखा हुआ है, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्या के बाद एक्सीडेंट दिखाने की कोशिश की गई है। पुलिस हर एंगल से मामले की तफ्तीश कर रही है।

# मेले में दिन दहाड़े युवक के सर पर डंडे से किया हमला

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती के बुधवारी बाजार में तीन युवकों ने दिन दहाड़े एक युवक के सर पर लाठी डंडे से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद दो आरोपी फरार हो चुके हैं। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है. जिससे पूछताछ चल रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना नगर के सबसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में हुई है। पास में ही रोताही मेला लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि घायल युवक का नाम रोशन है, जो सक्ती के ही टेमर गांव का रहने वाला है। वह बुधवारी बाजार में बन रही पानी टंकी में मजदूरी का काम करता है। दोपहर डेढ़ बजे के आस पास जब युवक खाना खा रहा था तभी तीन लोग ने हमला कर फरार हो गए. इसके बाद गंभीर हालत में युवक को सक्ती के सरकारी अस्पताल लाया गया।

# अवैध उत्खनन में लगे चैन माउंटेन व जेसीबी को किया जब्त



अवैध उत्खनन कार्य में लगी मशीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर चैन माउंटेन एवं जेसीबी को जब्त करने की कार्रवाई की गई। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उड़नदस्ता प्रभारी के द्वारा जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा का औचक जाँच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर चैन माउण्टेन आर 210 एवं जेसीबी क्र.- सीजी 11 एएक्स 2716 को जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### 8 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# धुंध के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार हुई कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

**खास बात**

- ठंड के कारण सुबह 8 बजे तक हाथ संकते नजर आए लोग



धुंध के चलते नहीं दिखाई दे रही सड़क।

शिवरीनारायण अंचल में दो तीन दिनों तक चटक धूप खिलने के बाद मंगलवार को सुबह धुंध की चादर तन गई। यह धुंध सुबह 4 बजे से 8 बजे तक रही इस दौरान आने वाले स्थानीय राहगीरों एवं वाहन चालको को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को अपनी वाहनों के हेड लाईट जलानी पड़ी। धूंध की वजह से वाहन चालकों की रफ्तार कम रही,चालकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में दोगुना समय लगा। धूंध के चलते पारा भी काफी नीचे लूढक गया। मंगलवार की सुबह पारा 12 डिग्री सेल्सियस पर रहा। इस दौरान सूर्यदेव ने भी धुंध के बादलों के साथ आंख मिचैली का खेल खेला। पारा नीचे आने से ठिठुरन बढ़ गई। सुबह के 8 बजे तक लोग अलाव सेकते नजर आए। हालांकि धीरे-धीरे धूप निकलते दिखी। काफी अधिक धुंध होने की वजह से 10 मीटर से ज्यादा नजर नहीं आ रहे थे। यह स्थिति शहर को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में ज्यादा विकट बनी रही। धूंध के चलते दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालको की लाइटे जलाकर एक दूसरे के पीछे चलकर गंतव्य तक पहुंचे। जिसकी वजह से वाहन चालकों को अतिरिक्त समय व अतिरिक्त खर्च भी वहन करना पड़ा। उसके बाद धीरे-धीरे धुंध का चादर फटने लगी। इस दौरान सूर्यदेव भी धुंध के बादलों के बीच से झांकते नजर आए।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों को किया लॉक, 38 चालकों से वसूला गया जुर्माना

रिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



वाहनों को लॉक करने की कार्रवाई यातायात पुलिस के जवान।

नो पार्किंग में खड़े किए वाहनों पर लॉक करने की कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात नियमों तोड़ने वाले 38 वाहन चालकों से 11 हजार 4 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

गौरतलब है कि जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 25 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं बाइक में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के लिए समझाईस दी जा रही है।

### नदी और डेम के आसपास सुरक्षा को लेकर होंगे कड़े इंतजाम

# नए साल के जश्न को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

नए साल के जश्न के दौरान उपद्रव करने वाले लोगो पर पुलिस प्रसाशन की कडी नजर रहेगी। साथ ही साथ नदी, डैम व नाला के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित स्थलो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

गौरतलब है कि सोमवार 1 जनवरी 2024 से नए साल की शुरूआत हो जाएगी। इस बीच नए साल में जश्न मनाने एंव उपद्रव करने वाले लोगो पर पुलिस की कडी नजर रखेगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिती से निपटा जा सके। इस दौरान नदी, नाले एवं डैम के साथ ही अन्य पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की टीम मुस्तैद रहकर युवको को समझाइश भी देगी। कई बार ऐसा होता है कि नए साल के जश्न मनाने के दौरान कई युवक एवं युवती डैम, नदी के आसपास पहुंच जाते है। वही उन्हें तैरना भी नही आता। इस चक्कर में युवाओ की जान तक चली जाती है। इस तरह का हादसा चाम्पा स्थित कुदरी बैराज में सामने आ चुका है। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी पिकनीक स्पाट में भी पिछले साल 2 नाबालिगों की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। ऐसे में नए साल के दौरान यहां जश्न मनाने युवको की टीम आ सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन के द्वारा दुर्घटना रोकने अभी से ही इंतजाम किए जा रहे है। जांजगीर जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा ऐसे पिकनिक स्पाट क्षेत्रो का निरीक्षण कर पुलिस कर्मचारियो के डयुटी के लिए अस्थाई चौकी बनाया जा रहा है। इसी प्रकार अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पोडी दल्हा को भी आने वाले दिनो में पर्यटन क्षेत्र को बढावा देने के उदेश्य से कई तरह के वनो से संबंधित विकास कार्य कराए जा रहे है।ताकि वन परिक्षेत्र को बढावा मिल सके। इन पर्यटन क्षेत्रो में भी नए साल के दिन जश्न मनाने को लेकर तैयारी चल रही है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा उपद्रवी लोगो पर पैनी नजर भी रखी जाएगी। इसी प्रकार सक्ती जिले के वन परिक्षेत्र दमऊदहरा,रैनखोल, नगरदा सहीत आसपास के पर्यटन क्षेत्रो में पुलिस प्रशासन के द्वारा दुर्घटना रोकने कडे इंतजाम किए जाएगें। साथ ही साथ युवाओ को नए साल के जश्न मनाने के दौरान सावधानी बरतने एंव नदी नाला, डैम एंव आसपास में आते जाते समय सावधानी बरतने कहा गया है। ताकि किसी भी अप्रिय स्थिती से बचा जा सके।

# 50 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बाइक में शराब परिवहन के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम भैंसो का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम सुकली के मेन रोड से सनत सिंह द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु मोटर सायकल बजाज सीडी-100 में जांजगीर की तरफ जा रहा है। सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे 10-10 लीटर के पांच जरकिन में कच्ची महुआ शराब 50 लीटर बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को 25 दिसंबर को गिरफ्तार कर जूडिशल रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना जांजगीर के सहायक उप निरीक्षक लंबोदर सिंह, आरक्षक नीतीश विश्वकर्मा आशुतोष कर्ष, संतोष भानु का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई भारत रत्न अटल की जयंती



**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में बाजार (कुआं ) चौक के पास 25 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर तैल चित्र में दीप प्रज्वलित व फूल माला चढ़ाकर सुशासन दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे मुख्य रूप से अन्नु राठौर, राजेंद्र पांडेय, धरमजीत सिंह राठौर, प्रदीप यादव, हलधर राठौर, सालिक राम राठौर, शेखर गुप्ता, बसंत सूर्यवंशी, राज राठौर, विकाश राठौर, विजय सूर्यवंशी, सम्मेलाल सूर्यवंशी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नवीन जिला सक्ती के सचिव संघ के जिलाध्यक्ष बने तोमेश्वर

**डभरा।** सचिव संघ डभरा के पूर्व अध्यक्ष तोमेश्वर चंद्रा नवीन जिला सक्ति के पंचायत सचिव संघ के



प्रथम जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं उन्हें निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव 24 दिसंबर को जिला सक्ती के हटरी चौंक स्थित अग्रसेन धर्मशाला में दोपहर एक बजे संपन्न हुआ, जहां चुनाव अधिकारी बलभद्र पटेल के समक्ष तीन प्रत्याशियों क्रमशः तोमेश्वर चंद्रा, सिताराम कर्ष और फागुलाल मनहर ने जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन फार्म दाखिल किया, लेकिन कुछ देर मान मनौव्वल के बाद दो प्रत्याशियों ने तोमेश्वर चंद्रा को समर्थन करते हुए अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह से तोमेश्वर चंद्रा निर्विरोध रुप से सक्ती जिले के पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इससे पूर्व तोमेश्वर चंद्रा जनपद पंचायत डभरा के पंचायत सचिव संघ के लगातार दस वर्षों तक अध्यक्ष रहे है। सचिव संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सचिव संघ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बाबा गुरु घासीदास के उपदेश को करें आत्मसात : कुर्रे

**जांजगीर-चांपा।** जय सतनाम सेवा समिति लछनपुर केराझरिया चांपा द्वारा बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। इस दौरान जोड़ा जैतखाम स्थल सतनाम भवन घासीदास स्मारक स्थल एवं मिनीमाता सभा स्थल में पूजा के पश्चात ध्वजारोहण किया। गुरु पर्व पर जोड़ा जैतखाम पर पूजा कर पूरे क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की । डॉ ललित कुर्रे जिला मीडिया प्रभारी सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति, जिला महामंत्री भाजपा अजा मोर्चा, संरक्षक जय सतनाम सेवा समिति ने आह्वान किया समाज शिक्षित होकर संगठित और आत्मनिर्भर बनकर कमजोर व्यक्ति को ऊपर उठाएं। सतनाम ही सार है जो कि प्रत्येक प्राणी के घट घट में समाया है। सत्य ही मानव का आभूषण है। सत को मन ,वचन, कर्म, व्यवहार और आचरण में उतार कर सतज्ञानी, सतकर्मी और सतगुणी बने। मानव मानव एक समान है। मूर्ति पूजा, अंधविश्वास, रूढ़िवाद, ब्राह्मय आडंबर, छुआछूत ,ऊंच नीच ,जातिगत भेदभाव, बलि प्रथा, मांस भक्षण, नशा पान ,व्याधिचार, चोरी, जुआ आदि अनैतिक और पाप कर्मों क्रोध,मोह, लोभ, अहंकार ,घृणा जैसे विकारों को त्याग कर सत्य ,अहिंसा ,दया ,करुणा, सहानुभूति जैसे मानवीय गुणों को अपना कर सत के मार्ग पर चलने से ही जीवन का उद्धार होगा। जय सतनाम सेवा समिति लछनपुर केराझरिया चांपा अध्यक्ष कामेश्वर धैर्य केडी सतनाम संदेश यात्रा की अगवानी की यात्रा के पैदल चलते हुए जोड़ा जैतखाम स्थल सतनाम भवन घासीदास जी स्मारक स्थल एवं मिनीमाता सभा स्थल में पूजा के पश्चात ध्वजारोहण किया। गुरु पर्व पर जोड़ा जैतखाम पर पूजा कर पूरे क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष कामेश्वर धैर्य केडी डॉ ललित कुर्रे, संतोष अनंत, संत सोनंत, प्रो डॉ जी आर पाटले, विजय लहरे, राम लाल लहरे, नंदलाल कुर्रे,धरम लहरे, महेश कुर्रे, अधि एस के बघेल,राधे पाटले, परदेसी कुर्रे, पुनि राम लहरे, सतीश कुर्रे ध्वजा राम भारद्वाज जितेंद्र पाटले चंद्रकांत रात्रे, गेंदराम कुर्रे प्राणनाथ कुर्रे ओम प्रकाश कुर्रे रामनारायण कुर्रे शिव नारायण रात्रे, टिकैट लहरे, तीज भारद्वाज, जेठू राम कुर्रे गुहा राम रात्रे गणेश भारद्वाज, सूरज मिरी, हर प्रसाद जांगड़े, माधव मिरी उपस्थित रहे।



## निधन

### पदुमनाथ कश्यप

**मुलमुला।** ग्राम कोनारगढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. अलारू कश्यप के सपुत्र पदुमनाथ कश्यप का 76



वर्ष की आयु में शनिवार 23 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ, नागरिकों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से दी जा रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन सोमवार को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कुकदा, रिंगनी, बेल्हा में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे द्वारा जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत कुकदा में पहुंचकर उज्जवला योजना के तहत हितग्राही को गैस कनेक्शन का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी



हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करते अतिथि।

दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों में शिविर में पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 दिसम्बर को नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरदा, कामता, पामगढ़ जनपद पंचायत सिर्री, हिर्री, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नरियरा, सोनसरी, बम्हनीडीह जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कपिस्दा, बंसुला, बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सोनबरसा और कुरमा, में आयोजित की गई।

### सलखन में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**गोधना।** ग्राम सलखन के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भारत सरकार द्वारा जनता को दिए गए योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं लाभार्थियों ने



मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। लोगों को अभी तक आधार अपडेशन नहीं हुआ है वह भी कार्य किया गया इस कार्यक्रम में जरूरतमंद बुजुर्ग लोगों को आयुर्वेदिक दवाइयां के साथ ही अंग्रेजी दवाई का भी वितरण किया गया वहीं ड्रोन के माध्यम से सिंचाई विधि को भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थे गुलाब सिंह चंदेल भाजपा जिला अध्यक्ष, वही मिडिल स्कूल सलखन के सभी शिक्षक गण के साथ ही शासकीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### शिविर में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**पोता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पोता में किया गया। ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि



शुरुआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी की शैल चित्र पर फुल माला अर्पण कर किया गया।

### बाल गृह में किया गया वीर बाल दिवस का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** बालक बाल गृह में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बालको द्वारा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पठन सस्वर पाठ एवं एकल गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालको के लिए संचालित बाल देखरेख संस्था हेल्प एंड हेल्प समिति बालक बाल गृह में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 15 वर्ष से 18 वर्ष के बालको द्वारा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पठन सस्वर पाठ एवं एकल गायन प्रतियोगिता में भाग लिया गया गतिविधियो का उद्देश्य युवाओ और किशोर में देश वासियो, महिलाओ, एवं राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान एवं मुल्यो को स्थापित करना और सुदृढ बनाना है। विशेषकर स्वतंत्रता सेनानियो एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व विजेताओ के अनुभवो को साझा करना है। बाल देखरेख संस्था में निवासरत प्रतिभागी बालको को डीएफओ मनीष कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आर के खुंटे एवं जिला कार्यकम अधिकारी महिला एंव बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी एवं बालगृह के अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ शामिल थे।

## अकलतरा क्षेत्र के 8285 किसानों के खाते में पहुंची धान बोनस की राशि



किसानों को बोनस प्रमाण पत्र देते सौरभ सिंह।

**अकलतरा।** सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सौरभ सिंह थे। इस दौरान अकलतरा क्षेत्र से आए किसानों का चेक वितरण किया गया।

अकलतरा क्षेत्र के लगभग 8285 किसानों को लगभग 146900640.00 राशि उनके खातो में सीधे अंतरित किये गये। धान बोनस कार्यक्रम का आयोजन मिनीमाता भवन अकलतरा में किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सौरभ सिंह, एसडीएम विक्रांत अंचल, सहकारी विस्तार अधिकारी अमरनाथ राठौर, तहसीलदार अमरनाथ श्याम अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विस्तार अधिकारी ने कार्यक्रम में बताया कि वितीय वर्ष 2014,15 में 8285 किसानो को लगभग 140890140.00 राशि एवं वित्तीय वर्ष 2015, 16 में लगभग 8788 किसानो को 14.69 करोड़ राशि का वितरण किया जा रहा है। पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के वर्चुवल के माध्यम से बकाया बोनस की राशि किसानो को सीधे उनके खातो में जमा कराया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानो से जो वादा किया था छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारेंटी दो साल का बकाया बोनस की राशि किसानो को सुशासन दिवस पर वितरीत कि गई है। राजेश्वर पाटले को 246240 रुपये, कृष्णकुमार यादव 55680, धनाराम 17860, विशाल सिंह 317280, मोहन कौशिक 38760, मदनमोहन सिंह 204000, धरम मरकाम 41280, सौखीराम 48240, कार्तिक राम 7320 रुपये का बोनस प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन नंद चौधरी तथा आभार प्रदर्शन बैंक प्रभारी शरद सिंह ने किया।

## सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री को किए याद



हितग्राहियों को बोनस प्रमाण पत्र देते अतिथि।

**डभरा।** चंद्रपुर विधानसभा के डभरा जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सोमावर को सुशासन दिवस मनाया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चलचित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वही मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार द्वारा किसानों को किया वादा 2 साल का बोनस की राशि का किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधानसभा की छाया विधायक श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन किए। अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर छत्तीसगढ़ वासियों को भरोसा जताने के लिए आभार व्यक्त किये वहीं किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया । इस अवसर कृषकगण, भाजपा पदाधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

■ दो साल की बोनस राशि का प्रमाण पत्र किया गया वितरण

### किसानों को दिया गया दो साल के धान बोनस का प्रमाण पत्र

**झरना।** सहकारी समिति धान खरीदी केन्द्र झरना में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेई के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में 25 दिसंबर को क्षेत्र के किसानों को 2014 15 एवं 2015-16 का बकाया बोनस की राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर बी डी सी प्रतिनिधि डोरीलाल राठौर, रामानुज राठौर, बिसेशर राठौर, राजेंद्र देवांगन, मिलन राठौर, केशव राठौर, रोहित राठौर, गोरा राठौर, सालिक राठौर, बाबू लाल बरेठ, खेम लाल देवांगन, पूरन लाल राठौर, फूल कुमार साहू, रामनाथ राठौर, सोमनाथ राठौर के अलावा ग्राम के किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दाता राम राठौर, लेखा पाल, ओमप्रकाश राठौर, आपरेटर उषा श्रीवास चौकी दार अश्वनी राठौर सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## अटल सुशासन दिवस पर बोनस शिविर आयोजित

**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर बोनस वितरण समारोह का आयोजन सद्भावना भवन पामगढ़ में किया गया।

पामगढ़ विकासखंड के 23 सेवा सहकारी समिति में शामिल किसानों को पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के बकाया 2 साल की बोनस राशि का प्रमाणपत्र दिया गया। 25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर देने की गारंटी भाजपा द्वारा चुनाव के समय कहि गई थी। जिसको पूरा करने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आज पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के अवसर पर बोनस का वितरण किया गया। इसी तारतम्य में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित पामगढ़, मूलमुला एवं शिवरीनारायण द्वारा संयुक्त रूप से समारोह आयोजित किया गया जहां पर सभी सोसाइटियों से पांच-पांच



कार्यक्रम में उपस्थित किसान।

किसानों को बोनस का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तंबोली, भूपेंद्र सिंह ठाकुर,रेशम लाल तिवारी, शंकर लाल साहू, सुपरवाइजर अश्वनी कुमार साहू, संस्था प्रबंधक मधुसूदन साहू, त्रिलोकी कांत, सुखदेव यादव, स्वर्णा सिंह, रितेश तिवारी रथराम नारंगे, राघवेंद्र कश्यप, चंद्रसेन साहू, कयूम खान, धर्मेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री ने देश को विकसित भारत बनाकर विश्व गुरु के स्थान पर स्थापित करने लिया है संकल्प

**बाराद्वार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत नगरदा में आयोजित शिविर मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ साहू ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सन 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाकर विश्व गुरु के स्थान पर स्थापित करने का संकल्प लिया है। इस छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का आवेदन लिया




जा रहा है ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का जनता को मिल सके। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर,बाराद्वार मण्डल अध्यक्ष संतोष राठौर, महामंत्री दीपक ठाकुर,सरपंच पद्मनी साहू, हरदयाल पटेल,राम दयाल सिदार, पुरन साहू, श्याम चौहान, तुलेश साहू,बसंत सूर्या, बहोरन साहू ,बुदेश्वर कंवर, कामता कंवर , माधो सूर्यवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

## धान खरीदी केन्द्र सिलादेही में सुशासन दिवस पर बोनस प्रमाण पत्र वितरित

**बिर्रा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को सिलादेही खरीदी केंद्र में सुशासन दिवस मनाया गया। शासन के निर्देशानुसार धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। जिसमें किसानों को पूर्व में घोषित दो वर्ष 2014 से 016 तक



का धान का बोनस सरकार द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी व छतीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।धान बोनस राशि वितरण समारोह में क्षेत्र के किसानों को बोनस राशि वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिसे पाकर किसानों में काफी खुशी दिखी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बी.आर सारथी, सरपंच रामधन साहू, प्रबंधक शिवलाल कश्यप,लक्ष्मीनारायण तिवारी, बबला तिवारी, फिरत साहू, संजू साहू राजकुमार पटेल,हीरालाल कहरा, रामाधार तिवारी, रामाधार केंवट, झाडूराम, रितेश तिवारी,रामकुमार पटेल, गुलाबचंद साहू, केसराम, रामप्यारा पटेल, मुन्ना लाल डडसेना, शैलेंद्र पटेल, दिनेश पटेल, सिलादेही देवरानी सहित आसपास किसान बंधु उपस्थित थे।

### ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रूपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। कार्यालय श्रम पदाधिकारी मेंपंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण (पोस्टमार्टम) रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

27 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/26/2023 7:43 PM Page 1





# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।

## लाइफ Style



# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्सपैट्स का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** प्राइम वीडियो ने 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसका निर्देशन लुलु वांग ने किया है। यह छह भाग की श्रृंखला है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी को दो एपिसोड के साथ होगा। ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। एक्सपैट्स श्रृंखला में अभिनेता निकोल किडमैन, सरयू ब्लू, जी-यंग यू, ब्रायन टी. मेडवे और जैक हस्टन शामिल हैं। किडमैन और लुलु वांग श्रृंखला में कार्यकारी निर्माता है।



# अली वोंग ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस-कॉमेडियन अली वोंग ने अपने पति जस्टिन हकुता से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की पुष्टि होने के लगभग दो साल बाद बेवर्ली हिल्स में आवेदन दायर किया और कड़े मतभेदों का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, वोंग ने अपनी शादी के पहले के एग्रीमेंट को लागू करने के लिए कहा है। दंपति वर्तमान में अपनी संपत्ति और बच्चे को लेकर निर्णय लेने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। 2014 में शादी के बंधन में बंधे इस कपल की दो बेटियां है। कॉमेडियन ने अपनी बेटियों की ज्वांइट लीगल और फिजिकल कस्टडी का अनुरोध किया। वोंग ने बताया कि वह और पूर्व गुडआरएक्स वीपी अभी भी वास्तव में बहुत करीब हैं और सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। उन्होंने आगे बताया था कि हम एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं। यह बहुत ही अपरंपरागत तलाक है। वोंग कई टीवी शो में काम कर रही हैं, जबकि हकुता एक सफल उद्यमी हैं।



# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे।



# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका

**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा की पाखी ने तीन साल बाद शो छोड़ते वक्त लिखी दिल की बात

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बड़ी तेजी से नाम कमाने वाले शो अनुपमा से जुड़ी एक खबर है। आखिरकार अनुपमा की एक्ट्रेस मुस्कान बामने ने शो छोड़ दिया। टीवी शो में पाखी का रोल प्ले करने वाली मुस्कान ने तीन साल बाद शो को अलविदा कहा है, इस दौरान वे इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने अपने सोशल पेज पर एक लंबा पोस्ट लिखा है।

### हिंदी में लिखा पोस्ट, की सबकी तारीफ

मुस्कान अनुपमा में पहले दिन से ही थीं. बतौर पाखी उन्होंने शो में अच्छी पहचान भी बना ली थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फोटो में अनुपमा की पूरी स्टारकास्ट दिख रही है। शो में उनकी मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली और पिता वनराज भी दिख रहे है।

### आपके आशीर्वाद से मैं मुकाम पर हूं : मुस्कान

मुस्कान ने अपना पोस्ट हिंदी में लिखा है. उन्होंने कहा- जैसे कि एक बीज जमीन की तह से जुड़कर जल वायु और प्रकाश के संरक्षण में रहकर अंकुरित होता है। धीरे धीरे एक दिन बहुउपयोगी विशाल वृक्ष बन जाता है, ठीक कुछ ऐसे ही मेरी भी स्थिति है। आज मैं जो भी हूं, आप सभी के सहयोग आशीर्वाद और प्यार के बदौलत ही इस अच्छे मुकाम पर हूं।

### अनुपमा ने किया है रिप्लाई

शो में मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। उन्होंने इस्टाग्राम पर ही रिप्लाई में लिखा है- मेरा शानदार परफॉर्म करने वाला बच्चा। तुम्हारे लिए पूरा आकाश खुला है, और उड़ान भरो। तुमने जाने-अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मेरी अनुपमा के लिए सबसे तेढ़ी स्वीटी बनने के लिए थैंक्यू. गॉड ब्लेस यू ऑलवेज मुस्की। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने लिखा है- तुम हमेशा एक ब्लेस्ड चाइल्ड रही।

### क्यों छोड़ा शो?

मुस्कान का कहना है इसी उम्र में वो मां का रोल प्ले नहीं करना चाह रही हैं, इसलिए तीन साल के बाद उन्हें अनुपमा शो छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये मेरे लिए अब काम नहीं कर रहा था। मेकर्स नया ट्रैक ला रहे थे जहां मुझे मां को रोल प्ले करना पड़ता। वो दिखाना चाहते हैं कि मैं आईवीएफ के जरिए मां बनूंगी। इतनी एज में मैं मां को रोल नहीं प्ले करना चाहती। 24 साल की मुस्कान के मन में शो छोड़ने का कोई गम नहीं है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को रोल करुंगी तो मेरे पास आगे चल कर ऐसे ही रोल आने के चांसेज रहेंगे। इसलिए मैं कुछ और भी ट्राई करना चाहती हूं।

# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।



### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।

# उमंग 2023: इवेंट में लगा सितारों का मेला...



**मुंबई।** शनिवार रात को मुंबई पुलिस एनुअल इवेंट उमंग 2023 में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। बता दें कि इस इवेंट को पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए रखा जाता है। इसमें बॉलीवुड सेलेब्स, बिजनेसमैन, सोशल वर्कर और पॉलिटिकल लीडर शामिल होते हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, तब्बू, दीपिका पादुकोण, पंजाब की कटरीना कैफ शहनाज गिल, आलिया भट्ट, टीवी इंडस्ट्री की 'नागिन' यानी तेजस्वी प्रकाश ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा।

## एक फिल्म के लिए तो टॉकिज के बाहर चल गई थीं गोलियां

# सिर्फ 30 रुपए लेकर पहुंचा मुंबई, वहीदा संग हिट रही जोड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया को सदाबहार एक्टर जो जब-जब पर्दे पर नजर आता फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं होता था। 1946 में फिल्म 'हम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले वो एक्टर देवानंद थे जिन्होंने छह दशकों तक इंडस्ट्री पर राज किया। वह एक सिनेमाई आइकॉन बने और हिंदी सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जो यादगार बन गईं। 60-70 के दशक का वो सुपरस्टार जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस लंबी लाइन लगाकर इंतजार किया करते थे। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो सिनेमाघरों से उतरने का नाम ही नहीं लेती थी लेकिन उनकी एक फिल्म ऐसी भी जिसमें टॉकिज के बाहर गोलियां चल गई थीं।



### सिने जगत के हर कॅरियर में यादगार रहे देवानंद

देवानंद ने अपने करियर में एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने लगभग 35 फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें से 18 बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। 13 फिल्मों की तो कहानी भी देवानंद ने खुद ही लिखी थी। अपने करियर में उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, हम दोनों, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो यादगार बन गई।

### लाहौर से 30 रुपए लेकर दिल्ली पहुंचे

*साल 1943 में अपनी जेब में 30 रुपए लिए लाहौर से बंबई तक का सफर करने वाले इस अभिनेता ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन इंडस्ट्री पर यूं राज करेंगे। उनकी फिल्मों में काम करने का एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था। वहीदा रहमान संग जिनकी हिट थी जोड़ी वो एक्टर कोई और नहीं देवानंद ही थे।*

### देवानंद के काले कपड़े पहनने पर लगा बैन

*देवानंद का गर्दन झुकाने का गजब अंदाज, काली पैंट शर्ट और गले मफलर लेने वाला स्टाइल भी काफी फेमस हुआ था। उन दिनों सफेद शर्ट पर काला कोट पहनने का स्टाइल ट्रेंड करने लगा था, हालांकि बाद में उनके काले कपड़ने पहनने पर ही बैन लगा दिया गया था। उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी। कितनी ही लड़कियों ने उनके लिए अपनी जान गवां दिया करती थीं।*

### जॉनी मेरा नाम में चली गोलियां, दो की हुई थी मौत



सुपरस्टार देवानंद की फिल्म देखने के लिए धूप में घंटों खड़े होकर टिकट लेने का इंतजार किया करते थे। इनकी फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' की तो लोगों को टिकट मिलना ही मुश्किल हो गया था। अनु कपूर कपूर ने अपने शो में बताया था कि उस वक्त जमशेदपुर के एक सिनेमाघर के बाहर फिल्म के टिकट के लिए गोलियां तक चल गई थीं, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के लिए नटराज टॉकिज को बंद कर दिया गया था।

### पहली कलर फिल्म गाइड रही सक्सेसफुल

1965 में आई फिल्म 'गाइड' में देव आनंद के काम को काफी सराहा गया था। फिल्म में वहीदा रहमान और उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। ये देव साहब की पहली कलर फिल्म थी। ये फिल्म वहीदा रहमान के करियर की बेस्ट फिल्म साबित हुई थी। आर के नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म 'द गाइड' उस साल की बड़ी हिट साबित हुई थी।



खबर संक्षेप

## अनुनयन कान्वेंट स्कूल में वीर बाल दिवस का आयोजन



**सक्ती।** नगर के अनुनय कान्वेंट स्कूल में 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की बहुत ही कम उम्र में हुई शहादत को समर्पित करते हुए वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर रखा गया था। जिसमें संस्था के छात्र पियूष क्षत्रिय और गुंजन क्षत्रिय द्वारा सिख धर्म की वेशभूषा को फैंसी ड्रेस के रूप में प्रदर्शित किया गया, इसके अलावा पोस्टर और ड्रॉइंग मेकिंग कंपटीशन भी आयोजित किया गया जिसमें श्रेया केसर, चिराग देवांगन , अस्मिता साहू , दीपशिखा पांडे ,पायल लहरे , भूमि कसेर 5, प्रेरणा साईं , निकिता पटेल , ट्विंकल जायसवाल , और आरती देवांगन ने भाग लिया 1 इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें अस्मिता साहू ने हिंदी कविता, सौम्या अग्रवाल ने वीर बाल दिवस पर भाषण, निकिता पटेल ने कविता, और दीपशिखा पांडे, भूमि कसेर, अस्मिता साहू द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्र पियूष क्षत्रिय की माताजी ने अपने धर्म के बारे में जानकारी देकर आज के कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत का गायन भी किया गया । अंत में सभी प्रतिभागियों को संस्था प्रमुख योगेश कुमार साहू के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवती साहू किरण श्रीवास नेहा शर्मा करिश्मा परिहार मधु लता सोनी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## आदर्श ग्राम गोधना में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 29 दिसंबर को

**गोधना।** ग्राम गोधना के मिलन चौक में 29 दिसंबर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रथम इनाम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय ईनाम 3001 तथा चतुर्थ इनाम 2001 विजेता प्रतिभागी टीमों को दिया जाएगा। आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक में 29 दिसंबर शुक्रवार को एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सभी मैच मैट पर खेला जाएगा। वहीं प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए वजन 56 किलोग्राम निर्धारित है। इस टूर्नामेंट में कबड्डी के सभी नियमों का पालन होगा। वहीं प्रतिभागी टीम के लिए प्रवेश शुल्क 250 रुपए न रखा गया है । प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय ईनाम 3001 तथा चतुर्थ इनाम 2001 विजेता प्रतिभागी टीमों को दिया जाएगा।

## युवाओं को प्रेरित करने डिवाइन वर्कशॉप का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय जांजगीर में एक दिवसीय डिवाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। दिया जांजगीर के सदस्य नरेश राठौर ने बताया कि जांजगीर के कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय में युवाओं को प्रेरित करने के लिए डिवाईन वर्कशॉप का कार्य क्रम रखा गया था, जिसमे दिया छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी एल साव ने मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वही है जिनमें साहस हो, उमंग हो, उत्साह हो, सकारात्मक सोच हो और जिसके पास हर समस्या का समाधान हो, वर्क शॉप में पॉवर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को नशे से होने वाली नुकसानों एवं विभिन्न बीमारियों के बारे में बताया गया। प्रांतीय सह संयोजक डॉ. योगेंद्र साहू ने कहा कि युवाओं को रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से सकरात्मक दिशा में प्रेरित करना ही वर्कशॉप का उद्देश्य है। इस अवसर पर इंजीनियर युगल किशोर साहू दिया जांजगीर के सदस्य जीतराम साहू, नरेश राठौर, गायत्री परिवार जांजगीर के वरिष्ठ के बी साहू, कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीत कुमार मण्डल तथा महाविद्यालय के प्रोफेसर गण एवं शिक्षा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### 28 दिसंबर को होगा चुनाव, 456 अधिवक्ता डालेंगे वोट

# अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष व सचिव पद के लिए मैदान में तीन-तीन दावेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 28 दिसंबर को होगा। इस बार 456 अधिवक्ता वोट डालेंगे। मतदान के बाद देर शाम तक उसी दिन परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि व नाम वापसी के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पुरुष के लिए चार, उपाध्यक्ष कनिष्ट महिला के लिए तीन, सचिव पद के लिए तीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में है। जबकि सांस्कृतिक सचिव, सहसचिव, ग्रंथालय सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों के पद पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी है।

जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 28 दिसम्बर को होगा। जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी उमेश राठौर ने बताया कि 28 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और मतदान पश्चात उसी दिन शाम 4 बजे से मतगणना होगी और परिणाम की घोषणा की जाएगी। इस बार अधिवक्ता संघ का चुनाव रोचक बना हुआ है। अध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष, महिला पुरुष दोनों वर्ग, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों पर वोटिंग होगी। अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष अजय केशरवानी, संतोष कुमार दुबे और सुरेश कुमार खूंटे मैदान में है। उपाध्यक्ष वरिष्ठ पुरुष पद के लिए कृष्ण कुमार सिंह, सनत कुमार पटेल, तोताराम पटेल और विनीत कुमार राठौर चुनाव लड़ रहे है। जबकि उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला पद के लिए लक्ष्मी यदु, उषा सांडिल्य और विद्या राठौर के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार रामनारायण राठौर, सूरज पुरी गोस्वामी, और योगेश कुमार गोपाल मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार राठौर और ज्योति राठौर चुनाव लड़ रहे है। जबकि सांस्कृतिक सचिव पद के लिए लक्ष्मी प्रसाद प्रधान के नाम वापस लिए जाने के बाद अनिल कुमार राठौर का निर्विरोध निर्वाचन तय है। इसी तरह सहसचिव पद पर इंद्रजीत राठौर, ग्रंथालय सचिव पद पर शिव नारायण राठौर तथा कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश कुमार राठौर जूनियर, कमल कुमार सांडे, योगेन्द्र कुमार भारवर, चेतन प्रसाद कोसले, लक्ष्मी प्रसाद प्रधान और मंजू रात्रे का निर्विरोध निर्वाचन तय है। कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार राठौर और ज्योति राठौर ने नामांकन भरा है। इन पदों पर दोनों के बीच सीधा मुकाबला होगा। मतदान शांतिपूर्ण कराने सहायक निर्वाचन अधिकारी ईश्वरी तिवारी और ललीत सिंह भी सहयोग कर रहे है। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए 19 तथा 20 दिसंबर को नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच पश्चात नामांकन वापसी के अंतिम दिवस चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

## कांग्रेस की महारैली में शामिल होंगे जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता

**जांजगीर-चाम्पा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव का संदेश लेकर गुरुवार 28 दिसम्बर को कांग्रेस की 139वां स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में ''है तैयार हम'' महारैली का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्षद्वय रफीक सिद्धिकी और विवेक सिसोदिया ने बताया कि देश की बहु आयामी संस्कृति को अपने में समेटे कांग्रेस किसी पार्टी का नाम नहीं एक विचारधारा का नाम है जो देश की माटी में रची बसी है। जब कांग्रेस से ईतर विचारधारा के लोग भारत की आजादी को दिवा स्वप्न कहकर कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही स्वतंत्रता आंदोलन का माखौल उड़ाते थे। तब भी कांग्रेस के नेताओं ने न सिर्फ आजाद भारत का निर्माण ही नहीं अपितु आधुनिक भारत की परिकल्पना को साकार भी किया है। इसी गौरवशाली परम्परा का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुये कांग्रेस पार्टी 28 दिसम्बर को नागपुर में अपनी 139वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस रैली में छ.ग. से भी हजारों की संख्या में कांग्रेस के नेतागण और कार्यकर्ता सभी जिलों से शामिल होंगे। श्री सिसोदिया ने जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आयोजित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



केन्द्र में रखा धान।

# धान खरीदी केंद्र में लिमिट नहीं बढ़ने से टोकन कटवाने में किसानों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

■ 30 जनवीर तक समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी

शासन प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्र में किसानों से खरीदा जा रहा धान का प्रतिदिन की धान तय लिमिट केंद्र में नही बढ़ाए जाने से किसानो को टोकन कटवाने के लिए परेशानी बढ़ गई है ।

गौरतलब है कि शासन द्वारा एक नवम्बर से किसानों से धान खरीदी चालू किया गया है, जहां शासन द्वारा 30 जनवरी 2024 तक किसानों से धान खरीदा जायेगा। ऐसे में एक तरफ विधानसभा चुनाव के चलते तो दूसरी ओर बेमौसम बारिश के चलते किसानों की धान लुआई, मिसाई का काम पिछड़ा गया था। ऐसे में किसानों ने अपने मेहनत से उगाई हुई धान बेचने के लिए लगभग एक माह का समय बचा हुआ है, अगर शासन प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन की धान खरीदी तय लिमिट नही बढ़ा गया तो बहुत से किसानों ने अपने धान बेचने से वंचित हो जायेगें। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र अमरुवा में कुल कृषक की संख्या 600 है, किसानों से धान खरीदी कुल 29665 किवंटल करना है, जिसमे 26 दिसम्बर तक 130 किसानों से 3367.60 किवंटल धान खरीदा गया है । धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन की तय लिमिट 745 किवंटल तय किया गया है।

# डूमरपाली में ड्रोन तकनीक से यूरिया के छिड़काव का किया गया जीवंत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को मिल रही योजनाओं की जानकारी और लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगातार विभिन्न ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए जरूरतमंद लोगों को योजनाओं की जानकारी विस्तार से विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही है।

इसी क्रम में संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड डभरा के ग्राम पंचायत डुमरपाली में कृषि विभाग द्वारा नैनो यूरिया का ड्रोन के माध्यम से छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक शशांक शिंदे से प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि विभाग जिला सक्ती द्वारा विकास खंड डभरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत डुमरपाली में किसान पंचराम राठिया के खेत में ड्रोन तकनीक के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किया गया एवं संकल्प यात्रा के प्रमुख उद्देश्यों सहित विभागीय योजनाओं से ग्रामीण जनों को विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया गया। प्रदर्शन स्थल में कृषि विकास अधिकारी डी सी देवांगन, आरएइओ ओ पी पटेल, एन के पटेल, आर सी माहेश्वरी, एल जयसवाल , सरपंच, पंच, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, किसान आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार अन्य विभिन्न विभागों द्वारा शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाया जा रहा है, जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है एवं योजनाओ से वंचित पात्र लोगों से आवेदन फार्म भी भरवाए जा रहे है।



ड्रोन तकनीक से यूरिया छिड़काव करते कर्मचारी।

# शिक्षक छात्रों में अच्छे गुणों का निर्माण कर पहुंचाता है लक्ष्य तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खास बात

■ हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत स्कूल में हुआ रंगारंग आयोजन

हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर में दो दिवसीय रंगा रंग वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल जगत एवं संजय कुमार जोशी कार्यकारी निदेशक प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा थे। अतिथियों ने फीता काटकर एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्र अभिभावकों का संबोधित करते हुए डॉ अनिल जगत ने विद्यालय की महत्ता एवं इतिहास के बारें में चर्चा करते हुए बताया कि इस विद्यालय के परीक्षा परिणाम से वे सदैव प्रसन्न रहते है। विद्यालय के संचालक अजय कुमार गट्टानी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिये इतना मनमोहक मंच प्रदान किया। संस्था के संस्थापक अशोक कुमार गट्टानी ने बताया कि भविष्य में हम और बेहतर व्यवस्था के लिए प्रयासरत हैं। प्राचार्य प्रवीण कुलदीप ने अभिभावको को बताया कि विद्यालय में हम नीट और जेईई जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओ की नई व्यवस्था करने जा रहे है, ताकि बच्चों की नींव अच्छी हो और बेहतर इंजिनियर, डॉक्टर और सिविल सेवा के योग्य छात्रों को बनाया जा सके। नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य संगीत और नाट्य कला से सब का मन मोह लिया और आए हुए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दूसरे दिन कार्यक्रम उच्च उच्चस्तरीय कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में संजय कुमार जोशी कार्यकारी निदेशक प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चॉपा थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में राजा बाबू कोसारे उपस्थित थे। इस दौरान संस्था के संस्थापक अशोक कुमार गट्टानी, श्रीमती गंगा गट्टानी संस्था संचालक अजय कुमार गट्टानी, श्रीमती सुनिता गट्टानी, पी. के. महापात्रा, किरण कुमार साहू, संजय कुमार सारंगी, प्राचार्य प्रवीण कुमार कुलदीप उपस्थित थे। दूसरे दिन राजस्थानी नृत्य, मराठी नृत्य, प्राचीन काल के राजा महाराजाओ की झाकिया संगीतनृत्य एवं गायन ने लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि संजय कुमार जोशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह शिक्षक ही है जो छात्रों में अच्छे गुणों का निर्माण करता है और छात्र को उसके लक्ष्य तक पहुंचाता है। प्राचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक आंकडे प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में संस्था के संचालक द्वारा शिक्षा व खेल के क्षेत्र में मेधावी, उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम को विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार गट्टानी, अजय कुमार गट्टानी और संस्था के प्राचार्य प्रवीण कुमार कुलदीप ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

# 30 को पुरानी बस्ती से निकलेगी अक्षत कलश यात्रा

■ श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति की बैठक हुई संपन्न

**जांजगीर-चांपा।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति जांजगीर-नैला की बैठक 25 दिसंबर को नगर के भीमा तालाब प्रांगण में शाम चार बजे से आयोजित की गई, जिसमें नगर में कलश यात्रा निकालने एवं नगरवासियों को इस आयोजन के संबंध में घर-घर जाकर आमंत्रण देने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 30 दिसंबर को दोपहर तीन बजे श्री राम मंदिर वार्ड क्रमांक 12 पुरानी बस्ती जांजगीर से अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कचहरी चौक से नेताजी चौक होते हुए श्रीराम मंदिर नैला में समाप्त होगी। इस यात्रा में नगर के सभी गणमान्य सनातनि भाई एवं माता-बहनें सदर आमंत्रित रहेंगीं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अगली बैठक 27 दिसंबर 2023 को यथा स्थान पर पुनः शाम चार बजे से रखी गई है। इस दौरान प्रमुख रूप से मनोज पाण्डेय, विनोद यादव, रामाकांत राजवाड़े, एसके यादव, आलोक शुक्ला, नवीन राठौर, धर्मेन्द्र राणा, राजेन्द्र राठौर, उपेन्द्र तिवारी, रमेश त्रिपाठी, हरिहर आदित्य, अमरीश सिंह राठौर, लखन यादव, आशीष शर्मा, अक्षत सिंह, भैरव मिश्रा, विपुल उपाध्याय, विवेक सिंह, प्रदीप राठौर, गोलू दुबे, चुन्नीलाल राठौरसहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बैठक में चर्चा करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## तिवारी बने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी



**पामगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को दृष्टि कर रखते हुए रेशम लाल तिवारी शाखा प्रबंधक शाखा मुलमुला का स्थानांतरण आगामी आदेश तक के लिए नोडल अधिकारी जिला जांजगीर चांपा में नोडल अधिकारी के पद पर किया गया है। रेशम लाल तिवारी जिला जांजगीर चाम्पा के कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। स्थानांतरण आदेश प्राप्त करते ही उन्हें अपना समस्त प्रभार शाखा मुलमुला के वरिष्ठ कर्मचारी को सौंप कर बिना जॉइनिंग अवकाश के तत्काल नोडल अधिकारी जांजगीर चाम्पा के लिए कार्य मुक्त होने आदेशित किया गया है।

# सात घोड़े पर सवार होकर निकली पंच परमेश्वरों की झांकी

■ सूर्यांश शिक्षा एवं संस्कार यात्राः के साथ महामहोत्सव का समापन

**जांजगीर-चांपा।** विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का समापन विशाल शिक्षा एवं संस्कार यात्रा के साथ 26 दिसंबर को संपन्न हुआ। पंच परमेश्वरों की झांकी जांजगीर के भाटापारा के चर्च मैदान से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सूर्यांश प्रांगण पर समापन समारोह में समाहित हुआ। शोभा एवं संस्कार यात्रा का नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्वागत किया गया। कचहरी चौक, नेताजी चौक, नैला बस्ती एवं रेलवे स्टेशन स्टेशन के पास क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रिय, राजमिस्त्री कल्याण संघ के अध्यक्ष अमरनाथ बर्मन, पार्षद विवेक सिंह सिसोदिया, रामविलास राठौर, रफीक सिद्दीकी, ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर अकादमी के अध्यक्ष देवेश सिंह, मनोज अग्रवाल कालू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों ने शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा का पूजन अर्चन, स्वागत और पानी एवं बिस्कुट का प्रबंध किया गया। इससे पूर्व शोभायात्रा के साथ पंच परमेश्वरों के जन्म स्थली से लाए गए चरण रज एवं सरोवरों के जल का अभिनंदन सूर्यांश धाम खोखरा में किया गया एवं पंच महापुरुषों का पूजन अर्चन करते हुए जांजगीर के भाटापारा स्थित चर्च मैदान से सात घोड़ों पर सवार पंच परमेश्वरों की विशाल भव्य शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा समाज के प्रमुखों जनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें साथ बड़ी संख्या में सूर्यांश साधक गण शामिल थे। यात्रा में सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के संरक्षक राम लखन सूर्यवंशी, ए. आर. सूर्यवंशी, ताराचंद रत्नाकर, प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी, संजय पैगवार, देव कुमार सूर्यवंशी, मोहरसाय खरसन, रमेश दास खड्ग, हरदेव टंडन, शिव प्रधान शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी, संजय लसार, फिरत राम किरण, राम नारायण प्रधान, बी.आर. सत्यार्थी एवं अध्यक्ष हेमलता करियारे, समाज के विभिन्न पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, किसान, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, सहित युवा-युवती एवं बच्चे सम्मिलित हुए।







